प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- विधानसभा में फोन टैपिंग विवाद के कारण उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।
- मुख्यमंत्री ने जयपुर संभाग की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की–जिला कलेक्टरों को सभी आवश्यक स्वीकृतियां इस महीने के अंत तक जारी करने के निर्देश दिए।
- जयपुर में आज क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भाग लेंगे।
- नई दिल्ली में आदि महोत्सव का आयोजन–विभिन्न राज्यों के 600 से ज्यादा आदिवासी कलाकार भाग ले रहे है।

.....................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विधानसभा में फोन टैपिंग विवाद के कारण उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने के लिए ये बैठक बुलाइ गई है। इस बैठक का उद्देश्य सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाना है। विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में आयोजित होने वाली बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, और सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग शामिल होंगे। विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, आरएलडी के सुभाष गर्ग, बसपा के मनोज न्यांगली और बीएपी के थावर चंद को भी इस बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार 19 फरवरी को अपना दूसरा बजट पेश करेगी।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर संभाग के सभी जिला कलक्टरों को आगामी तीन दिन में पिछले बजट की घोषणाओं के लम्बित प्रकरणों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बजट संबंधी घोषणाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला कलक्टर की होगी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लम्बित प्रकरणों का तकनीकी परीक्षण करते हुए सभी आवश्यक स्वीकृतियां चालू माह के अंत तक जारी कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने कल वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर संभाग के विकास कार्यों और बजट घोषणाओं की प्रगति पर समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को आगामी गर्मियों के मौसम को देखते हुए पानी और बिजली के मामलों को लेकर कंटीन्जेंसी प्लान बनाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। इस अवसर पर जिला कलक्टरों ने आगामी बजट को लेकर पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और परिवहन सुविधाओं पर अपने सुझाव भी दिए।

.....................

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने कल कोटपुतली–बहरोड के पावटा तहसील के राजनोता में एमडीआर रोड़ का शिलान्यास के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हर क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दे रही हैं, जिससे सड़कें, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल और अन्य बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है।

.....................

कार्यक्रम में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

.....................

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव कल खैरथल–तिजारा के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुंडावर पंचायत समिति की 44 ग्राम पंचायतों में 9 करोड़ 36 लाख रुपये के 154 विकास कार्यों का शंभारम्भ किया। श्री यादव ने बताया कि पंचायत भवन को मल्टीपरपज सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को विभिन्न सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल सके। उन्होंने स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए गांवों में पानी की निकासी और कचरा निस्तारण की दिशा में ठोस कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिले में वेस्ट मैनेजमेंट प्लान लागू किया जाएगा ताकि सूखे और गीले कचरे का उचित निस्तारण हो सके।
केंद्रीय मंत्री ने खैरथल–तिजारा के कोटकासिम में आयोजित पूर्व सैनिक विश्राम लीग के कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने कोटकासिम में कैंटीन खोलने और सैनिक विश्रामगृह के सेकंड फ्लोर पर भवन निर्माण की मांग रखी। श्री यादव ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए इनके लिए जल्द ही बजट देने का आश्वासन भी दिया।

.....................

जयपुर में आज क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन हो रहा है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होने वाले इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाग लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न कार्यालयों, बैंकों और उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से मध्य, पश्चिम और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त सम्मेलन के रूप में इसे आयोजित जा रहा है। गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सरकारी और प्रशासनिक कामकाज में हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही हिन्दी को तकनीकी रूप से समृद्ध और व्यापक बनाने के लिए किये गये नवोन्मेशी कार्यों की समीक्षा करना है।

.....................

उदयपुर में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''वाटर विजन–2047'' का आयोजन किया जायेगा। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से हो रही इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री और आला अधिकारी भाग लेंगे। दो दिन तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन कल केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल करेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज शाम उदयपुर पंहुचेंगे और कल इस अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेंगे। इस कांफ्रेन्स में एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने पर मंथन किया जाएगा।

.....................

भरतपुर के ग्रामीण हाट में आज से सात दिवसीय ब्रज उद्योग, हस्तशिल्प और स्वयं सिद्धा मेला का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें 100 से अधिक उद्यमी और दस्तकार अपने उत्पादों का विपणन और प्रदर्शन करेंगे।

.....................

नई दिल्ली में आदि महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आदि महोत्सव का उद्देश्य भारत के आदिवासी समुदायों की जीवंत संस्कृति, विरासत और आर्थिक क्षमता का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित करना है। कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश में जनजातीय लोगों की परंपराएं और जीवन शैली देश की संस्कृति को समृद्ध करती है।

.....................

गौरतलब है कि इस महोत्सव में छह सौ से अधिक आदिवासी कारीगर, शिल्पकार और पांच सौ कलाकार भाग ले रहे हैं। महोत्सव में विभिनन राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की पच्चीस आदिवासी खाद्य स्टॉल लगाई गयी हैं जो वहां की खाद्य परम्पराओं को प्रदर्शित कर रही हैं।

.....................

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उत्तर रेलवे ने प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से संचालित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रवेश और निकास अजमेरी गेट की तरफ से होगा। भीड़ को एक प्लेटफॉर्म पर जमा होने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। बाकी सभी प्लेटफॉर्म से नियमित ट्रेनों का परिचालन जारी रहेगा। इधर कोटा से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल्वे ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि महाकुंभ में यात्रीभार को कम करने के लिए कोटा और सोगरिया से प्रयागराज के लिए तीन अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों को संचालित किया जा रहा है।

....................

महिला बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार कल पाली के एक दिन के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने मेघवाल समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया। श्रीमती बाघमार ने कहां की समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी से शिक्षा से जुडने का आह्वान किया।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

....................